हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 जनवरी 2026

04 यातायात पुलिस ने शिविर में कराई ऑटो चालकों की...



07 स्वच्छता केवल नपा की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर...





## कुछ व्यापारियों ने प्रेसवार्ता कर व्यापार महासंघ की एकजुटता पर उठाए सवाल

# सीधे चुनाव की आड़ में व्यापार महासंघ को कमजोर करने की साजिश तो नहीं ?

***शहर के 10 हजार व्यापारी और 36 संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले विदिशा व्यापार महासंघ की आवाज प्रदेश में बैठे नेताओं को तक हिला देती है। इतनी मजबूत संस्था की कार्यप्रणाली पर व्यापार महासंघ के ही चंद पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर सवाल उठाए तो व्यापार महासंघ से जुड़े लोगों ने इसे राजनीति से प्रेरित बताते हुए व्यापार महासंघ के विधान का उल्लंघन बताया है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सन 1980 से शहर में मजबूती, एकजुटता और निर्णय लेने की दृढ़ क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले विदिशा व्यापार महासंघ की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर शहर के दो पदाधिकारियों ने सवाल उठाए हैं। व्यापार महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इसे राजनीति से प्रेरित होकर उठाया गया कदम बताते हुए कहा है कि संस्था का अपना विधान है उसी हिसाब से व्यापार महासंघ संचालित होता है। यदि किसी को इसमें संसोधन और परिवर्तन की अपेक्षा है तो उचित मंच पर बात रखनी होगी।

चूंकि व्यापार महासंघ एक फेडरेशन है और इसमें कई डायरेक्टर चुने जाते हैं जो सभी मिलकर व्यापार महासंघ अध्यक्ष चुनते हैं। चुनाव कराने में देरी पर सीधे संगठन और उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना वरिष्ठ पदाधिकारियों के गले नहीं उतर रहा है।

### राजनीति से प्रेरित माना जाना रहा व्यापारियों द्वारा उठाया कदम

व्यापार महासंघ फेडरेशन है। जिसमें करीब 36 संगठन जुड़े हुए हैं। इन संगठन से एक- एक डायरेक्टर चुना जाता है। यह सभी डायरेक्टर मिलकर व्यापार महासंघ अध्यक्ष का चुनाव करते हैं। वर्तमान में 180 से अधिक डायरेक्टर हैं जो अध्यक्ष के लिए वोट डालते हैं, लेकिन महासंघ के चंद पदाधिकारियों ने सीधे व्यापारियों द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की मांग कर इस मजबूत संस्था की एकता, ताकत और निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर करने का काम किया है। व्यापार महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों का कहना है कि व्यापार महासंघ के किसी भी मामले को इस तरह से सार्वजनिक रूप से उछालना राजनीति से प्रेरित कदम जान पड़ता है। क्योंकि शहर में व्यापार महासंघ इतना मजबूत और तुरंत निर्णय लेने वाला संगठन है कि नेता हों या अधिकारी सभी संगठन को साथ लेकर चलते हैं और कुछ लोगों को यही बात खल रही है। महामंत्री नवल शास्त्री का कहना है कि मार्च माह में चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। विधान के विरुद्ध उठाए जा रहे कदमों से महासंघ कमजोर होगा।

### कुछ व्यापारियों ने मिलकर उठाए सवाल

दो दिन पहले व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष आशीष मोदी, मनोज पंजवानी सहित पूर्व महामंत्री चेतन बलेचा ने प्रेसवार्ता कर व्यापार महासंघ के चुनाव न होने पर सवाल उठाए थे। जिसमें व्यापार महासंघ की चुनावी प्रक्रिया को भी पुरानी बताकर बदलाव की मांग की गई है। अगले दिन शुक्रवार को व्यापारियों से हस्ताक्षर भी करवाए।

### चुनाव कराने व्यापारियों ने महत्वपूर्ण बैठक की

व्यापार महासंघ के चुनाव शीघ्र संपन्न कराने संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार शाम को एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें चुनाव में हुई देरी और अब शीघ्र चुनाव संपन्न कराने पर विचार विमर्श किया गया है। साथ ही अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी बैठक के दौरान लिए गए हैं। जिससे संगठन को और मजबूत बनाया जा सके।

### आनन फानन में चला दिया हस्ताक्षर अभियान

व्यापार महासंघ की बैठक होने की भनक लगते ही चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे व्यापारियों ने आनन फानन में शुक्रवार से हस्ताक्षर अभियान शुरू कर दिया गया है। जिससे की अन्य व्यापारियों का भी समर्थन उन्हे मिल सके। पदाधिकारियों ने इसे व्यापार महासंघ संगठन के अनुशासन को भंग करने की साजिश बताया है।

### सहमति बन चुकी



व्यापार महासंघ की बैठक में चुनाव कराने पर सहमति बन चुकी है। मार्च माह में चुनाव कराना तय हुआ है। व्यापार महासंघ में हो रही राजनीति को जरा भी बर्दास्त नहीं किया जाएगा।
**मुन्नाभैया जैन,** अध्यक्ष व्यापार महासंघ।

### यह गलत है

चुनाव में संशोधन और प्रक्रिया परिवर्तन की अपेक्षा है तो उसे उचित मंच पर उठाना चाहिए। सर्व सहमति से निर्णय होना चाहिए। सड़क पर कदम उठाए जाएंगे तो व्यापारियों की लड़ाई कमजोर होगी। - **घनश्याम बंसल,** पूर्व महामंत्री व्यापार महासंघ

### देरी के कारण असंतोष

व्यापार महासंघ के चुनाव प्रक्रिया में देरी हुई इसलिए असंतोष हुआ। चुनाव कार्यक्रम घोषित होने पर यह स्थिति नहीं बनती। संचालकों की बैठक बुलाकर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।
- **देवराज अरोरा,** पूर्व अध्यक्ष

# बेतवा के प्राचीन रामघाट मंदिर के रास्ते पर कब्जा

### बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में निर्माण की अनुमति पर है प्रतिबंध

- राजस्व रिकार्ड में भी मंदिर के लिए नक्शे में रास्ता दर्ज है, पर मौके से गायब कैसे हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेतवा तट स्थित प्राचीन रामघाट मंदिर पर जाने वाले श्रद्धालुओं का रास्ता बंद हो चुका है। मंदिर पहुंचने के लिए नपा के फिल्टर प्लांट वाले रास्ते से पीतलिया बगीचे से शुरु होने वाले रास्ते पर लोगों ने मकान बना लिए हैं। सभी मकान बेतवा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बनाए जा रहे हैं।

बाढ़ग्रस्त जमीन पर तो निजी भूमि होने पर भी निर्माण करना प्रतिबंधित है। लेकिन मंदिर पहुंचने के लिए यह रास्ता सालों पुराना है। राजस्व रिकार्ड में भी मंदिर के लिए नक्शे में रास्ता दर्ज है। बावजूद इसके तहसील कार्यालय और नगरपालिका रास्ते को बहाल कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। नियमित रूप से मंदिर जाने वाले श्रद्धालू एडवोकेट राजकुमार तिवारी बताते हैं कि वे इसी रास्ते का उपयोग करते आए हैं। इनके अलावा मंदिर जाने वाले बुजुर्ग भी इसी मार्ग से आना जाना करते रहे हैं। रास्ते पर निर्माण करने वालों का कहना है कि उन्होंने यह जमीन खरीद ली है। लेकिन शासकीय रिकार्ड में दर्ज होने के बावजूद रास्ता कहां गायब हो गया इसकी जांच कोई नहीं करा रहा है।

रामघाट मंदिर पहुंचने के लिए दूसरा रास्ता बहराबाबा घाट से होते हुए है लेकिन बारिश के समय यह चोरघाट वाले नाले की पुलिया टूटने से यह रास्ता बंद है।

### अत्यंत प्राचीन और सिद्धस्थल है रामघाट

बेतवा तट स्थित मंदिरों की श्रंखला में रामघाट पर ठहरने के लिए धर्मशाला और घाट का निर्माण पेशवाओं के द्वारा कराया गया था। इसके पहले से यह संतों की तपोभूमि के रूप में जाना जाता रहा है। रामघाट पर दो प्राचीन शिवालय हैं। यहीं पर गणेश जी सहित दक्षिणमुखी और पूर्वमुखी हनुमान जी विराजमान हैं। जहां पूजन और दर्शन करने के लिए भक्त अल सुबह 4 बजे से पहुंचने लगते हैं। रामघाट पर साधु सन्याशियों के द्वारा साधना भी की जाती है।

### शिकायत आई है, संज्ञान लिया जा रहा

प्राचीन मंदिर रामघाट का रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत पहली बार मेरी जानकारी में आई है। इस पर तत्काल संज्ञान लिया जा रहा है। सालों पुराने मार्ग पर निर्माण कैसे हो गया इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में निर्माण कार्य की अनुमति पर ही प्रतिबंध है। - **क्षितिज शर्मा,** एसडीएम विदिशा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता आज होगी

**विदिशा।** भाजपा कार्यालय में आज शनिवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। यह प्रेस वार्ता शाम 4 बजे भाजपा जिला कार्यालय में होगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल उपस्थित रहेंगे। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी भी अपने विचार रखेंगे।

### सराफा एसोसिएशन का सेमिनार आज

**विदिशा।** सराफा एसोसिएशन द्वारा सोना, चांदी धारा 411 आदि विषयों पर जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार को शाम 6.30 बजे जालोरी गार्डन में होगा। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन, एसपी रोहित काशवानी आदि मौजूद रहेंगे। सराफा एसोसिएशन ने व्यापारियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### कायस्थ समाज का रक्तदान शिविर कल

**विदिशा।** कायस्थ सभा एवं समस्त कायस्थ समाज द्वारा विवेकानंद जयंती एवं समाजसेवी स्वर्गीय शांति देवी श्रीवास्तव की स्मृति में 11 जनवरी रविवार को शेरपुरा स्थित कायस्थ सामज की धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर दोपहर 12 बजे से ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित होगा। इस दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। शिविर के बाद समाज की खेल प्रतिभाओं एवं चित्रगुप्त मंत्र साधकों का भी सम्मान होगा।

### हिंदू सम्मेलन कल

**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सकल हिन्दू समाज द्वारा द्वारिका बस्ती से भव्य वाहन रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और धर्म, संस्कृति व सामाजिक एकता का संदेश दिया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान आगामी 11 जनवरी को अभिनंदन गार्डन में आयोजित भंडारे एवं कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई।

### कबड्डी प्रतियोगिता में सेंट मैरी की टीम उपविजेता



**विदिशा।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में सेंट मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक फादर सीजो, प्राचार्या सिस्टर थेरेसा, उप प्राचार्य अनिल वीएस सहित समस्त स्टाफ ने टीम को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास में सहायक होते हैं तथा भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### राष्ट्रीय महासचिव बने एडवोकेट सुभाष बोहत

**विदिशा।** पंजीकृत सामाजिक संगठन अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राकेश करोसिया एवं राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी ओपी गोदिया द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के तहत सुभाष बोहत एडवोकेट को महासभा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर सुभाष बोहत ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। सुभाष बोहत ने समाज के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं संगठनात्मक सशक्तिकरण के लिए निरंतर सक्रिय रहने की बात कही।

### ट्रेन में मोबाइल चोरी करने वाले 3 आरोपियों को 1-1 साल की सजा

**विदिशा।** ट्रेन में यात्रा के दौरान मोबाइल व दस्तावेजों की चोरी के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गंजबासौदा सृष्टि कुशवाह की अदालत ने 8 जनवरी 2026 को दिए निर्णय में आरोपियों दिनेश उर्फ गोलू, राजू एवं राहुल को भादंवि की धारा 380 व 411 के तहत एक-एक वर्ष के कारावास एवं 500-500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया। यह मामला 23 फरवरी 2018 का है, जब ट्रेन में चढ़ते समय फरियादी का मोबाइल व पर्स चोरी हो गया था। पुलिस ने सीडीआर के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## ज्ञापन देकर अनुशासनहीन कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अपाक्स के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को दिलाने के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी, कर्तव्य परायणता के साथ कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन की कार्यशैली से सभी विभागों के कर्मचारियों, अधिकारियों के



कार्य करने की क्षमता पहले की अपेक्षा दो गुनी बड़ी है। ज्वलंत समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया जाता है। परंतु जिले में कुछ तथाकथित कर्मचारी अधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह अनुशासनहीन होना दुर्भाग्य की बात है। अपनी जाति को हथियार बनाकर कर्मचारियों में वैमनस्ता फैलाकर जिले का माहौल खराब करना चाहते हैं। शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में अडंगा लगाने वाले ऐसे कर्तव्य विमुख, अनुशासनहीन, लापरवाह कर्मचारी, अधिकारियों को चिन्हित कर उनको सौंपे गए दायित्व से पद मुक्त किया जाए। इस दौरान राजेंद्र सिंह यादव, रणधीर सिंह रघुवंशी, उमराव सिंह कुशवाह, मुकेश मालवीय सहित बड़ी संख्या में व्यापारी कर्मचारी शामिल थे।

### 'मनरेगा बचाओ' अभियान को लेकर कांग्रेसी आज करेंगे प्रेसवार्ता

**विदिशा।** मनरेगा बचाओ अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज शनिवार को दोपहर 1 बजे रामलीला रोड स्थित बंधन मैरिज गार्डन में प्रेसवार्ता आयोजित की गई है। जिसमें पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व जिला प्रभारी प्रभुसिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन तथा पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सिलकारी सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने बताया कि वार्ता में मनरेगा की वर्तमान स्थिति, मजदूरों की समस्याएं, भुगतान में देरी, इंदौर की दुखद घटना और सरकार की विफलताओं पर चर्चा कर कांग्रेस का पक्ष जनता के समक्ष रखा जाएगा।

## कुपोषण विमुक्ति की पहल की केंद्रीय सचिव ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पीएम जन-मन योजना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत ग्रामों के निरीक्षण के दौरान केंद्रीय सचिव रंजना चौपड़ा ने टपरा क्षेत्र के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र भवन का अवलोकन किया।

इस अवसर पर एक वर्ष की नन्ही बालिका सुभी को सुपोषण किट तथा नवजात बालिका को स्वागतम लक्ष्मी किट प्रदान की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में संचालित कुपोषण उन्मूलन से जुड़े स्थानीय अभियानों की जानकारी साझा करते हुए उनकी महत्ता, उपयोगिता एवं सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि इन पहलों से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

शुक्रवार को आयोजित संयुक्त भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं से प्राप्त लाभ, पोषण संबंधी व्यवस्थाओं तथा जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। केंद्रीय सचिव ने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इन्हें निरंतर और प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

## नपा के शिविरों में अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निराकरण, जनप्रतिनिधियों ने भी किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नागरिकों की रोजमर्रा की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 12, 23 एवं 24 में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया।

इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष समस्याओं को शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है। शिविर के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, सुरेंद्र चौहान, प्रशांत खत्री सहित संबंधित पार्षद एवं अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया और नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं





की जानकारी ली। इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जनसमस्याओं का समाधान करें, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि ऐसे शिविरों से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलता है और प्रशासन तथा जनता के बीच संवाद मजबूत होता है।

उन्होंने विदिशा विधायक मुकेश टंडन का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि विधायक निधि से नगर में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें प्रमुख चौराहों का चौड़ीकरण, बेतवा नदी के पुलों पर प्रकाश व्यवस्था, तथा विभिन्न सड़कों का निर्माण शामिल है। शिविर में पानी, सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, कर निर्धारण सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। नगरपालिका अधिकारियों द्वारा कई शिकायतों का तुरंत निराकरण किया गया, जिससे नागरिकों में संतोष और विश्वास का भाव देखने को मिला।

### केंद्रीय सचिव ने किया निरीक्षण

**विदिशा।** जिले में पीएम जन-मन योजना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत संचालित कार्यों का भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव रंजना चौपड़ा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने सहरिया बहुल ग्राम नयागांव टपरा व इनायतपुर टपरा पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्रों, शैक्षणिक व्यवस्थाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण में 11 योजनाओं के पूर्ण कार्यों की गुणवत्ता व लाभार्थी पहुंच का आकलन किया गया। सचिव ने हितग्राहियों से संवाद कर संतोष व्यक्त किया और योजनाओं के पारदर्शी व समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

### सेहजदीप और कप्तान अर्पित की अहम पारियां, विनीत ने की घातक गेंदबाजी

# मुकाबले में सागर ने फरीदाबाद को 16 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्टेडियम में आयोजित 56वें अखिल भारतीय कनारा क्रिकेट टूर्नामेंट का सातवां लीग मुकाबला शनिवार को सागर डिवीजन और फरीदाबाद के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें नगर पालिका के प्रमुख पार्षदगणों की विशेष उपस्थिति रही।

उतार-चढ़ाव से भरे इस रोमांचक मुकाबले में सागर डिवीजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फरीदाबाद को 16 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सागर डिवीजन की शुरुआत धीमी रही, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने



जिम्मेदारी संभालते हुए पारी को मजबूती दी। विकेटकीपर बल्लेबाज सेहजदीप ने संयमित खेल दिखाते हुए सर्वाधिक 48 रन बनाए। कप्तान अर्पित खरे ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 32 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। निचले क्रम में आयुष सिंह और सुजल पासी के उपयोगी रनों की बदौलत सागर डिवीजन ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 156 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। फरीदाबाद की ओर से इंद्रेश और प्रांजल ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट झटके।

157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फरीदाबाद की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। कृष्णा भदाना ने 41 रन बनाए, जबकि शिवांश मिश्रा ने मात्र 18 गेंदों में 36 रनों की तूफानी पारी खेलकर मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। आयुष शुक्ला ने भी 18 रनों का योगदान दिया, लेकिन मध्य ओवरों में सागर डिवीजन की सधी हुई गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग के सामने फरीदाबाद की टीम दबाव में आ गई और 140 रनों पर सिमट गई। सागर डिवीजन के गेंदबाज विनीत रावत ने निर्णायक क्षणों में 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर मैच का रुख पलट दिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि केके साहू द्वारा किया गया। टूर्नामेंट में रविवार को सागर डिवीजन बनाम उदयपुर तथा दूसरा मुकाबला इंडियन नेवी और गुजरात के बीच खेला जाएगा।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**कुरवाई।** न्यायालय आनंद गौतम विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कुरवाई ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कारावास और 1500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से मामले का संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सतीश गौतम ने किया। नाबालिग अपने घर पर अम्मी के साथ सो रही थी वह रात में उठकर बाहर आई तो आरोपी ने उसे पकड़ लिया और खेत में लेजाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसकी शिकायत बालिका ने कुरवाई थाने में दर्ज करवाई। आरोपी की डीनए रिपोर्ट सकारात्मक पाई गई। न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाते फैसला सुनाया।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-6116
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7350
चना
न्यूनतम भाव- 3700
उच्चतम भाव- 5900
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6270
ज्वार
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-6700
मक्का
न्यूनतम भाव-1345
उच्चतम भाव- 1640
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3652
धान
न्यूनतम भाव-1670
उच्चतम भाव-3850
उड़द
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-6660
गेंहू
न्यूनतम भाव-2260
उच्चतम भाव-3472
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3000
मूंग
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 24091 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा प्राकट्य महोत्सव

**गंजबासौदा।** जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शनिवार को सुबह 11 बजे से राम-जानकी मन्दिर बैतोली से वेदांत आश्रम तक जगद्गुरू रामानंदाचार्य भगवान के प्राकट्य महोत्सव के पावन अवसर पर भव्यशोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होने की अपील की है।

### वार्डवासियों ने हटाया अतिक्रमण



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 20 में मुख्य मार्ग पर वार्डवासियों द्वारा अतिक्रमण कर रखा था। नगरपालिका द्वारा वार्डवासियों को समझाइश दी गई। जिसके बाद शुक्रवार को वार्डवासियों ने आमजन के सहयोग से स्वयं अपना अपना अतिक्रमण हटा लिया। वार्डवासियों द्वारा नगरपालिका का सहयोग करते हुए स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लेने से मार्ग चौड़ा दिखाई देने लगा।

# बीलाढाना में सकल हिंदू समाज का सम्मेलन संपन्न, पंच परिवर्तन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संस्कारों की पहली पाठशाला परिवार है, जहां से राष्ट्रभक्ति का बीज अंकुरित होता है। भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए स्वदेशी को अपनाना आवश्यक है। जिससे स्थानीय उद्योग और श्रमिक सशक्त हों। यह बात ग्राम बीलाढाना मंडल अंबानगर स्थित ऊहर खंड में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में संपन्न हुए हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राकेश परमार ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह आयोजन तभी सफल होगा जब समाज का अंतिम व्यक्ति जाति-भेद व ऊँच-नीच से ऊपर उठकर एकता के भाव से चलते हुए राष्ट्र भक्ति को अपने आचरण में धारण करेगा।




अपने उद्बोधन में परमार ने पंच परिवर्तन को राष्ट्र निर्माण का मूल मंत्र बताकर पर्यावरण संरक्षण को जीवन का संस्कार बनाते हुए जल, वन और भूमि की रक्षा का आह्वान किया। कुटुंब प्रबोधन पर बोलते हुए उन्होंने नागरिक अनुशासन को मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए नियमों के पालन पर जोर दिया। सामाजिक समरसता को उन्होंने भारत की आत्मा कहा और कि जब समाज इन पांच परिवर्तनों को अपने आचरण में उतार लेगा, तब राष्ट्र स्वतः ही विश्वगुरु की दिशा में अग्रसर होगा। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम को धार्मिक गरिमा महंतश्री 1008 रामप्रियदास महाराज के पावन सानिध्य से प्राप्त हुई। महाराज ने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए धर्म के मार्ग पर दृढ़ रहने की प्रेरणा दी।

वहीं ओजरस के कवि अंकित पाठक ने भारत माता को समर्पित वीर रस की कविताओं से वातावरण को राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया, जिस पर श्रोताओं ने करतल ध्वनि से उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रभावी और सशक्त संचालन वेदांश वेदांतकुलम द्वारा किया गया। उन्होंने ओजस्वी गीतों और भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से पूरे जनसमूह को एकसूत्र में बांधे रखा। सम्मेलन के समापन पश्चात हनुमान मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जहां सभी उपस्थित जनों ने प्रेम, सौहार्द और समरसता के साथ महाप्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में बीलाढाना सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में आयोजन समिति सकल हिंदू समाज ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणजनों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत लगाया गया नेत्र परीक्षण शिविर

# यातायात पुलिस ने शिविर में कराई ऑटो चालकों की आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में शुक्रवार दोपहर यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा माह के तहत विशेष नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय परिसर में ऑटो चालकों के लिए लगाया गया था। जिसका उद्देश्य उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। शिविर का मुख्य लक्ष्य ऑटो चालकों की आंखों के स्वास्थ्य की देखभाल करना था। दिनभर ऑटो चलाने से धूल, मिट्टी और कणों के कारण आंखों से संबंधित कई बीमारियां हो सकती हैं। कई चालक नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच नहीं करवाते, जिसके चलते यातायात पुलिस ने यह विशेष पहल की।



गंजबासौदा। ऑटो चालकों की आंखों की जांच करते चिकित्सक



गंजबासौदा। शिविर में जांच कराने आए विभिन्न ऑटो चालक

यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि आयोजित इस जांच शिविर में कुल 20 ऑटो चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 9 ऑटो चालकों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हें ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई। इसके अलावा, 4 चालकों को चश्मे के नए नंबर दिए गए, जबकि अन्य चालकों को आंखों से संबंधित हल्की-फुल्की दिक्कतों के लिए दवाइयां और ड्रॉप्स प्रदान की गई। चालकों को जागरूक करते हुए यह भी कहा गया कि वे अपनी आंखों की नियमित रूप से जांच करवाएं और पर्याप्त नींद लें। स्वस्थ आँखें और पर्याप्त नींद सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक हैं। यातायात पुलिस ने यह भी बताया कि ऑटो चालकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिदिन 20 ऑटो चालकों की नियमित रूप से सरकारी अस्पताल में जाँच कराई जाएगी। इस अभियान में सभी ऑटो चालकों की जांच कराई जाएगी।

# नपाध्यक्ष ने जनचिकित्सालय में नवजातों के लिए किट बांटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को महिला बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय राजीव गांधी अस्पताल के प्रसूता वार्ड में नवजात शिशुओं के उपयोग में आने वाली सामग्री किट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नवजात बालिकाओं को लक्ष्मी बेटी किट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एक सामाजिक जनांदोलन है। बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। यहां उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संस्थागत प्रसव को बढावा देने, मातृ शिशु मृत्यु दर कम करने, कन्या शिशु के जन्म को बढावा देने, समाज में सकारात्मक जागरूकता बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम किए जा रहे हैं। यह पहल बालिकाओं के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस मौके पर अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# मंदिर भूमि पर कब्जे की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड नंबर 14 स्थित महादेव मंदिर भूमि पर कब्जे के आरोप लगे हैं। इसे लेकर स्थानीय निवासियों ने शुक्रवार शाम तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। शाम 4:30 बजे, वार्डवासी संकीर्तन करते हुए तहसील पहुंचे। उनके हाथों में झांझर थे और एक युवक ध्वजा लिए हुए था। सभी 'श्री राम जय राम' का संकीर्तन करते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। ज्ञापन में बताया गया कि महादेव मंदिर कई वर्षों से वार्ड 14 में स्थित है और यह स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र है। मंदिर के पास एक शासकीय आंगनवाड़ी केंद्र और एक सरकारी स्कूल भी है, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। निवासियों ने आरोप लगाया कि पूर्व में मंदिर के पास पंडित जी की कुटिया भी थी, जिसमें एक वृद्ध माताजी रहती थीं और मंदिर की देखभाल करती थीं। अब मंदिर के पास इस भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा कब्जा किया जा रहा है। इस मंदिर की देखभाल 'श्री रामेश्वर महादेव प्रभात फेरी मंदिर समिति' द्वारा की जाती है। समिति के माध्यम से वार्ड 14 के भक्त प्रतिदिन सुबह 4 बजे से 6 बजे तक लगभग 5 किलोमीटर की रामधुन प्रभात फेरी निकालते हैं, जो शिव मंदिर से शुरू होकर वहीं समाप्त होती है। निवासियों पप्पू यादव, गौरी शंकर, अजय सिंह और राम सिंह राजपूत ने कहा कि मंदिर की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए और भक्तों की आस्था सुरक्षित रहे।

# रघुवंशी समाज ने लिया मृत्युभोज सीमित करने का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध ठोस और साहसिक निर्णय यदि सामूहिक रूप से लिए जाएं तो उनका प्रभाव केवल सभाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के आचरण में भी दिखाई देता है। रघुवंशी समाज ने यह बात व्यवहार में सिद्ध कर दी है। हाल ही में बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में समाज सुधार की दिशा में आयोजित हुई समाज की बैठक में समाज जनों ने रामजी की शपथ लेकर मृत्यु भोज को सीमित करने का जो सामूहिक निर्णय लिया था, वह अब जमीन पर उतरता नजर आ रहा है। इसी क्रम में रघुवंशी समाज का प्रतिनिधिमंडल समाज के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में ग्राम झिलीपुर पहुँचा। प्रतिनिधि मंडल ने हरिसिंह, घासीराम, भूरे सिंह की माताजी के स्वर्गवास एवं ग्राम सींगाखेड़ी में छतरसिंह एवं ओंकार सिंह रघुवंशी के परिवार में हुई गमी के पश्चात आयोजित तेहरवीं संस्कार को समाज के निर्णय के अनुरूप सादगी और मर्यादा के साथ करने हेतु शोक संतृप्त परिवार को प्रेरित किया। परिवार ने समाज के निर्णय को सहर्ष स्वीकार करते हुए बड़े स्तर पर सामाजिक भोज का आयोजन ना करते हुए समाज के निर्णयानुसार मृत्यु भोज को केवल निकटतम रिश्तेदारों, परिवारजनों, ब्राह्मण एवं कन्या भोज तक सीमित रखने का भरोसा दिया। समाजजनों ने शोक संतप्त परिवार के बीच पहुँचकर संवेदना व्यक्त की और इस पहल को समाज सुधार की दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण बताया। प्रतिनिधिमंडल में सनमान सिंह रघुवंशी, कमल सिंह, बालाराम, रेवाराम रघुवंशी, पर्वत सिंह, चरण सिंह, गुड्डा रघुवंशी एवं नरेंद्र सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि दुख की घड़ी में दिखावा नहीं, बल्कि संवेदना और सहयोग ही समाज की सच्ची पहचान है। समाज सुधार की बैठक में लिया गया निर्णय केवल औपचारिक नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना का प्रतीक बन चुका है। देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि समाज सुधार की दिशा में समाज जनों और वरिष्ठों के सहयोग मार्गदर्शन से सामाजिक कुरीतियों में बदलाव को लेकर मानसिकता बन रही है जो धीरे-धीरे धरातल पर दिखाई देगी।



उल्लेखनीय है कि रघुवंशी समाज की गत दिवस समाज सुधार बैठक में विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा अपनी माताजी के निधन पर मृत्यु भोज सीमित रखने की सराहना की गई। इसके अलावा प्री वैडिंग शूट पर रोक लगाने, शादियों में दिखावे और फिजूल खर्ची पर रोक लगाने सहित अन्य समाज सुधार के मुद्दों को समाज में लागू करने पर भी विचार विमर्श किया गया था। साथ ही समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन को लेकर भी जन जागरण किया गया था।

# मेडिकल यूनिट सेवा की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शुक्रवार को नया गांव टपरा में पीएम जन-मन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत ग्रामों के कार्यों का भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव रंजना चौपड़ा, जनजातीय कार्य विभाग के पीएस गुलशन बामरा, क्षेत्रीय विकास योजना के कमिश्नर सत्येन्द्र सिंह तथा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने संयुक्त रूप से भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान उनके द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट की जानकारी टीम द्वारा साझा की गई। जैसे कि मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा पीवीटीजी ग्रामों में दिए गए रूट प्लान के मुताबिक एक दिन में 2 ग्राम में भ्रमण किया जाता है एवं एक माह में 48 ग्राम कवर किए जाते हैं। प्रति दिवस एमएमयू टीम द्वारा लगभग 60 ओपीडी एवं 40 टेस्ट किए जाते हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 14 प्रकार के टेस्ट की सुविधा एवं 65 प्रकार की दवाइयां निशुल्क प्रदाय की जाती हैं। प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाएं जैसे सिकल सेल की जांच, गैर संचारी रोगों की जांच, एनीमिया की जांच एवं उपचार, मातृत्व स्वास्थ्य सेवाएं पर ध्यान दिया जाता है एवं स्क्रीनिंग के दौरान यदि कोई बड़ी बीमारी सामने आती है या हाई रिस्क प्रेगनेंसी स्क्रीन होती है या कोई नवजात में बीमारी के लक्षण दिखते हैं तो उसे तुरंत हायर सेंट्रर के लिए रेफर कर दिया जाता है। ताकि सही समय पर हितग्राही को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### श्रीराम लीला मेले में उमड़ रहा जनसैलाब

# विधायक, नपाध्यक्ष ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नपा के रामलीला मेले में इन दिनों खेल प्रतियोगिताएं चल रही हैं। गुरुवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मेला अध्यक्ष भारती सरदार अहिरवार, खेल प्रभारी मूलचंद अहिरवार एवं समस्त मेला आयोजन समिति पार्षद बंधुओ ने सहभागिता की। अतिथियों ने सभी खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही खिलाडियों को खेल भावना रखते हुए खेलने की सीख दी। वहीं श्रीराम लीला मेले में मथुरा से आई रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को लक्ष्मण और मेघनाद के युद्ध का प्रमुख प्रसंग दिखाया गया। मंचन के दौरान मेघनाद ने शक्ति बाण चलाकर लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया। लक्ष्मण के अचेत होने से भगवान राम बेहद दुखी हुए। वैद्य सुषेण ने बताया कि उन्हें केवल हिमालय में पाई जाने वाली संजीवनी बूटी से ही बचाया जा सकता है। इस पर हनुमान जी ने तुरंत हिमालय की ओर प्रस्थान किया और संजीवनी बूटी पहचान न होने पर पूरा पहाड़ ही उठा लाए। वैद्य सुषेण बूटी का प्रयोग कर लक्ष्मण को होश में लाए।

### बाल लीलाओं का वर्णन किया



**गंजबासौदा।** मोनी हार्डवेयर वाली गली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में पंडित सुनील शास्त्री ने कृष्ण जन्म सहित बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा में कंस द्वारा भेजे गए पूतना बकासुर, अघासुर इत्यादि का उद्धार सहित अन्य लीलाओं का वर्णन हुआ। इसके बाद शास्त्री ने कथा में बताते हुए कहा कि किस प्रकार भगवान शंकर, मां यशोदा के घर आते हैं भगवान कृष्ण के बाल रूप का दर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि जो भगवान नारायण का स्मरण करता है उसका मोक्ष सहज में ही हो जाता है। उन्होंने कहा कि गाय हमारी ही नहीं अपितु समस्त भूमंडल की माता है, क्योंकि गाय में ही समस्त देव वास करते हैं।

# सूर्य नमस्कार, प्राणायाम का लाभ बच्चों को बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी को विकासखंड अंतर्गत प्रत्येक हायर सेकंडरी, हाईस्कूल व माध्यमिक विद्यालय स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु विकास खंड योग समिति की बैठक ब्लाक अध्यक्ष चंद्र कुमार तारण की अध्यक्षता मे शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय मे आयोजित हुई। बैठक में नोडल प्राचार्य एमसी शर्मा ने बताया 12 को सुबह 9 बजे राष्ट्रीय गीत, वंदेमातरम् तथा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। तत्पश्चात पूर्व की भाँति रेडियों के माध्यम से मुख्यमंत्री का रिकॉर्डेड संदेश प्रसारित किया जाकर सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम योग क्लब प्रभारी, योग प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। साथ ही हर आसन, प्राणायाम, योगाभ्यास से होने वाले विभिन्न लाभ जरूर बच्चों को बताऐ ताकि वो इसे अपनी दिनचर्या मे शामिल कर सकें।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार ने बताया कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों के बच्चे सहभागिता करेगें तथा कक्षा 5 तक के छात्र दर्शक के रूप में उपस्थित रहेंगे। सभी सहभागी छात्र ट्रेकसूट, स्कूल यूनिफार्म तथा छात्राएं ट्रैकसूट ,सलवार सूट में उपस्थित होंगी। सभी संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन का अभ्यास नियमित कराया जाये। विकास खंड योग प्रभारी योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया सामूहिक सूर्य नमस्कार पर मार्गदर्शी बुकलेट के प्रिंट कक्षा 6वीं की सहायक वाचन में सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का उल्लेख है जिसे विद्यार्थीयों को प्रार्थना में नियमित अभ्यास कराया जाये। बैठक मे विकास खंड खेल अधिकारी स्वतंत्र कुमार जैन, एनसीसी अधिकारी अनिल कुमार दुबे, विकास खंड सह योग प्रभारी सरिता पाल, मंजू कुशवाह, डीके ओझा, भारती पंथी सहित विकास खंड योग समिति के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

ग्रामीण विकास के लिए कारगर सिद्ध होगी जी राम जी योजना

# भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी- योजना बनाने की शक्ति ग्राम सभा और पंचायतों के पासः मंत्री प्रहलाद पटेल

**मजदूरों की महंगाई वृद्धि के आधार पर वेतन वृद्धि होगी, मजदूरों के लिए पर्याप्त मजदूरी उपलब्ध होगी, किसानों को नुकसान नहीं होगा, जी राम जी योजना रोजगार के अवसर प्रदान के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी, अधिनियम से रोजगार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



ग्रामीण विकास के लिए कारगर सिद्ध होगी जी राम जी योजना, मजदूरों की महंगाई वृद्धि के अनुसार वेतन वृद्धि होगी, मजदूरों के लिए पर्याप्त मजदूरी उपलब्ध होगी किसानों को नुकसान नहीं होगा, जी राम जी योजना रोजगारके अवसर प्रदान के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी, अधिनियम से रोज़गार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी, भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी एवं योजना बनाने की शक्ति ग्राम सभा और पंचायतों के पास होगी। उक्त विचार पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने सागर में जी राम जी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, विधायक इंजी. प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह रापजूत, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, सह मीडिया प्रभारी आलोक केशरवानी, जी राम जी जन जागरण अभियान टोली जिला संयोजक धीरज सिंह सह संयोजक चैन सिंह एवं अर्पित पांडे उपस्तिथ रहें।

पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने जी राम जी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना ग्रामीण रोज़गार नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है और सशक्तिकरण, समावेशी विकास, योजनाओं के अभिसरण (कन्वर्जेंस) तथा परिपूर्ण (सेचूरेशन) तरीके से सेवादृप्रदाय को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है, जिससे समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और परिपूर्णता (सेचूरेशन) के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोज़गार को केवल एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास का एक एकीकृत माध्यम बनाता है। यह ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, शासन और जवाबदेही को आधुनिक बनाता है तथा मज़दूरी रोज़गार को टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन से जोड़ता है, जिससे समृद्ध एवं सक्षम ग्रामीण भारत की नींव और अधिक मजबूत होती है।

मंत्री पटेल ने कहा कि यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों। पूर्व में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है, काम को पहले से अनुमानित करती है और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाती है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी और सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है। बुवाई और कटाई के चरम सीजन के दौरान कृषि से संबंधित गतिविधियों हेतु कृषि श्रम की उपलब्धता आसान करने के लिए, यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। (धारा 6) श्रमिकों को मिलने वाले कुल

भीम आर्मी ने निष्पक्ष कार्यवाही करने के लिए सौंपा ज्ञापन

# 'आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला भीम आर्मी का सदस्य या पदाधिकारी नहीं है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



भीम आर्मी की जनसभा में दीपक नामक व्यक्ति द्वारा हिन्दू धर्म के आराध्य भगवान श्रीराम जी एवं देवी-देवताओं के संबंध में दिए गए बयान को लेकर शुक्रवार को भीम आर्मी इकाई सिरोंज द्वारा थाना प्रभारी के नाम एक ज्ञापन सौपते हुए कहा कि 03 जनवरी 2026 को सिरोंज में आयोजित माता सावित्रीबाई फुले जयंती जनसभा के दौरान दीपक नामक व्यक्ति ने मंच पर जाकर हिन्दू धर्म के आराध्य भगवान श्रीराम जी एवं देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की।

यह व्यक्ति कार्यक्रम आयोजक टीम अथवा भीम आर्मी संगठन का कोई सदस्य या पदाधिकारी नहीं है। उसने मंच संचालक को एक पर्ची देकर स्वयं को बोलने की अनुमति मांगी थी। जैसे ही उसके वक्तव्य की मंशा का आभास हुआ तो आयोजन टीम द्वारा तत्काल मंच पर पर्ची भेजकर उसे रोकने का निर्देश दिया गया। वही उन्होने कहा कि उक्त व्यक्ति द्वारा दिए गए बयान की हम कड़ी निंदा करते हैं और स्पष्ट करना चाहते हैं कि भीम आर्मी एवं आयोजन टीम का उस बयान से कोई संबंध नहीं है और न ही संगठन उस बयान का समर्थन करता है। हमारा संगठन सभी धर्मों, देवी-देवताओं, आस्थाओं और आराध्यों का पूरा सम्मान करता है। डॉ. भीमराव आंबेडकर जी द्वारा प्रदत्त संविधान ने सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया है, और हमारा संगठन पूर्णतः संविधान की मर्यादाओं में रहकर कार्य करता है। भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जाँच कर उक्त व्यक्ति दीपक के विरुद्ध ही आवश्यक कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, क्योंकि आयोजक टीम या भीम आर्मी संगठन की इस घटना में कोई संलिप्तता नहीं है। हम प्रशासन से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हैं और आशा करते हैं कि सत्य तथ्यों के आधार पर ही कार्रवाई होगी। निर्दोष आयोजक सदस्य के विरुद्ध झूठी कार्यवाही की जाती है, तो संगठन लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में बात रखेगा।

## आपदा प्रबंधन पर हुई एक दिवसीय व्यावहारिक व सैद्धांतिक कार्यशाला

**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में कलेक्टर संदीप जी आर एवं संयुक्त कलेक्टर आरती यादव के निर्देशन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल की इंस्टेंट रिस्पांस टीम एवं टास्क फोर्स की प्रशिक्षण टीम द्वारा 'जिला आपदा प्रबंधन क्षमता विकास' कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के समय त्वरित कार्यवाही करने, घायलों की मदद करने और जान-माल के नुकसान को न्यूनतम करने के लिए तैयार करना था। एसडीईआरएफ टीम के कमांडेंट ललित उईके के मार्गदर्शन में कुशल प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कराया एवं बतलाया कि आपदा दो प्रकार की होती है प्राकृतिक और मानव निर्मित प्राकृतिक आपदाओं में मुख्यतः भूकंप बाढ़ सुनामी जैसी आपदाएं एवं मानव निर्मित आपदाओं में युद्ध हवाई हमले इत्यादि आते है। प्रायोगिक कौशल प्रशिक्षण के दौरान एसडीईआरएफ की टीम ने विभिन्न जीवन रक्षक तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया, जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदु शामिल रहे। प्राथमिक चिकित्सा जैसे रक्तस्राव रोकना, फ्रैक्चर होने पर पट्टी बांधना और बेहोश व्यक्ति को पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) की तकनीक।अग्निशमनः घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव और विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों का उपयोग करने पर आधारित रही। बाढ़ एवं जल बचाव में पानी में डूबते व्यक्ति को बचाने के तरीके और स्थानीय संसाधनों (जैसे खाली बोतल, कैन) से 'लाइफ जैकेट' बनाना।

# स्वच्छता केवल नपा की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य हैः साहू

## स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता एवं स्वच्छता चैंपियन सम्मान समारोह

**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ह्लस्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता एवं स्वच्छता चैंपियन सम्मान समारोहह्व का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नगर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों, वार्डों एवं नागरिकों को प्रोत्साहित करना तथा पूरे शहर को स्वच्छता की दिशा में एकजुट करना रहा।

इस अवसर पर आयोजित स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालयों एवं वार्डों के बीच स्वच्छता, साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन एवं जन सहभागिता के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर केडीबीएम स्कूल को प्रथम पुरस्कार, उप डाकघर को द्वितीय पुरस्कार एवं वार्ड क्रमांक 08 को तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



इसके साथ ही नगर में निरंतर स्वच्छता के लिए समर्पित नागरिकों को ह्लस्वच्छता चैंपियनह्व के रूप में सम्मानित किया गया। इस वर्ष जिन नागरिकों को सम्मान मिला उनमें ज्योति दुवे,नईम खां,अजय घेंघट,रोहित नरवारे, सीमा बाई एवं अंजली करोसिया शामिल रहे।

## विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन




**सिरोंज।** शासकीय हाई स्कूल देवपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिरोंज न्यायालय से न्यायाधीश मोना शुक्ला पांडेय एवं न्यायाधीश कु अंकित जैन के अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीशो द्वारा लैंगिक अपराधों से बचाव तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए बने कानून की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई तथा उन्हें कानून तथा नियमों के बारे में समझाया गया। इस बीच में बड़ी संख्या में छात्राएं पालक गण विद्यालय परिवार,आंगनवाड़ी कार्यकर्तागण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहें। वही पैरा लीगल वालंटियर राधा चरण जोशी,सोनू यादव द्वारा भी छात्र-छात्राओं को विधिक की जानकारी देते हुए विस्तार से युवा दिवस सप्ताह तथा नशे से दूरी व पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई ।

## अभा वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय महासचिव बने एडवोकेट सुभाष



**सिरोंज।** पंजीकृत सामाजिक संगठन अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राकेश करोसिया एवं राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी ओ. पी. गोदिया द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के तहत एडवोकेट सुभाष बोहत को पंजीकृत सामाजिक संस्था अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर उन्होंने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि वह अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के पूर्व में भी राष्ट्रीय महामंत्री ओर युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष,राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष द्वारा सौंपी गई यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के संविधान, उद्देश्यों एवं विचारधारा के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं संगठनात्मक सशक्तिकरण के लिए वे निरंतर सक्रिय रहेंगे तथा महासभा को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों को साथ लेकर कार्य करेंगे। महासभा के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने सुभाष बोहत की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर मुन्नालाल मेना, कमलेश गोदरे, राजेश राजू चावरिया, धनराज चावरिया, आनन्द घेंघट, संतोष पथरोल,संतोष चावरिया, रमेश पथरौल नरेंद्र चौहान, कमल खरे, विष्णु मारोठिया देवी दयाल घेंघट ने बधाई दी है और एडवोकेट सुभाष बोहत के राष्ट्रीय स्तर के दायित्व में सहायता के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

## आज कस्बा खरगोन में सकल हिंदू समाज का विराट हिन्दू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

आरएसएस के बरेली जिला के अंतर्गत नगर सहित अन्य स्थान ग्रामों में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन हुआ जिसमें सकल हिन्दू समाज के हजारों नर नारियों युवक युवतियों की भारी उपस्थिति रही। आज 10 जनवरी शनिवार को बरेली तहसील के सबसे बड़े ग्राम व्यापारिक केंद्र कस्बा खरगोन में गांधी चबूतरा पर सकल हिन्दू समाज का विराट भव्य हिन्दू सम्मेलन की व्यापक तैयारियां की गई हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में नगरों बड़े ग्रामों में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन निरंतर हो रहा है। आरएसएस उसके सहयोगी संगठनों विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल द्वारा अन्यों के साथ मिलकर सम्मेलनों का आयोजन कर मुख्य रूप से 5 परिवर्तनों की जागरूकता के साथ सकल हिन्दू समाज के नर नारियों को एकत्रित कर एकता सक्रियता और हिन्दू स्वाभिमान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### गांव-गांव से आएंगे हिन्दू

आज खरगोन में होने वाले सकल हिन्दू समाज के सम्मेलन के लिए आसपास के ग्रामों में व्यापक संपर्क अभियान चलाया गया हिन्दू सम्मेलन में हजारों हिंदुओं के पहुंचने की संभावना है। हिन्दू सम्मेलन की व्यापक तैयारियां आयोजन समिति द्वारा की गई है।

## उदयपुरा में दूसरी बार 3 बच्चों के साथ महिला पानी की टंकी पर चढ़ी

### पारिवारिक कलह, पति-ससुर पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

अनुविभाग के अंतर्गत उदयपुरा नगर में एक महिला 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर तीन छोटे बच्चों के साथ ऊपर चढ़ गई और कूदने की बार-बार धमकियां देती रही। खबर लगते ही भारी भीड़ लग गई पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे सुरक्षा की दृष्टि से जाल बिछाने के बाद महिला को समझाइश देकर नीचे उतरने का प्रयास हुआ महिला ने पति और ससुर पर प्रताडन्ना के आरोप लगाए 1घंटे तक समझाइश और नीचे कूदने की धमकियों का सिलसिला चलता रहा आखिरकार तीन बच्चों के साथ महिला को नीचे उतरने में सफलता मिल गई।

बीते माह के 24 दिसंबर को भी महिला अपने तीन बच्चों के साथ 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढक़र कूदने की धमकियां देती रही थी पति के साथ महिला ने ससुर पर भी अपमानजनक व्यवहार करने प्रताडन्ना का आरोप लगाया ससुर को बुलाया गया उसे समझाइश दी गई ससुर ने अपनी गलती भी स्वीकार की अधिकारियों ने पारिवारिक मामला आपसी बातचीत समझाइश के साथ सुलझाने की सलाह दी और इस प्रकार एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

***समझाइश के बाद बच्चों सहित 80 फीट ऊंची टंकी से नीचे आई महिला***



## भगवान शंकरजी के 12 ज्योतिर्लिंगों के महत्व का विस्तार से हुआ वर्णन

### सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का हवन भंडारे के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

मारुति नगर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण पुराण कथा का भगवान शंकर के स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों के महत्व पूजा उपासना इत्यादि के विस्तार से वर्णन के साथ हवन पूजन और भंडारे के आयोजन से कथा का समापन हुआ। कथा व्यास सुनीता देवी ने शिव पार्वती जी की अमर कथा के प्रमुख प्रसंग का साथ दिनों में विस्तार से वर्णन कर शिव भक्ति की महिमा उससे मिलने वाले पुण्य लाभ मोक्ष का वर्णन किया।

कथा व्यास सुनीता देवी ने कहा कि व्यक्ति माया मोह के जाल में जकड़ा हुआ है।जिस दिन हृदय से इस मोह को त्याग देता है उसी दिन से उसे भगवान की शरणागति प्राप्त हो जाती है।महर्षि वाल्मीकि एवं स्वयं का उदाहरण दिया कि उन्होंने डीएसपी का पद त्याग दिया कहा कि



दिन दुखी पीड़ित व्यक्ति की सेवा सहायता करना सच्चा धर्म है सुनीता देवी ने कहा कि दीन दुखियों गरीबों बेसहारा लोगों की मदद कर उनका सहारा बनने के साथ सत्कर्मों को जीवन का लक्ष्य बनाएं सत्कर्मों के द्वारा दुर्लभ मनुष्य योनि में मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है।

### हवन व भंडारे हुआ

सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा के समापन पर हवन पूजन के विशेष आयोजन के साथ विशाल भंडारा भी हुआ। जहां सभी ने प्रसादी ग्रहण की कथा के समापन दिवस पर नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, हिन्दू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष मनमोहन शर्मा कथा आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले भगवान सिंह राजपूत उनकी धर्मपत्नी पार्वती राजपूत सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर नारियों की उपस्थिति रही।

## कार्रवाईः पटवारी को किया गया निलंबित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रकारणों को लंबित रखने, समय सीमा में कार्य न करने एवं हल्का में समय से उपस्थित न होने पर पटवारी सुनील सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बता दें कि कलेक्टर द्वारा प्रशासन के बेहतर संचालन एवं प्रशासन तक आमजन की सुलभ पहुंच हेतु आपका प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम शुरू किया गया हैं जिसके तहत विकासखंड स्तर पर जनसुनवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनसुनवाई शिविर केसली में कलेक्टर संदीप जी आर के समक्ष ग्राम ढेंचुआ के कृषकों द्वारा पट्टे में प्राप्त भूमि के नक्शा तरमीम, सीमांकन, कब्जों के संबंध में शिकायतें एवं पटवारी हल्के में समय से उपस्थित न होने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसके संबंध में संबंधित पटवारी सुनील सोनी द्वारा समक्ष में संतोषजनक जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर पटवारी सुनील सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# महेश्वर ग्राम में चल रही भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आज समापन

## श्री कृष्ण की लीलाओं रुक्मणि विवाह कथा का हुआ वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिपरिया मार्ग पर स्थित ग्राम महेश्वर में 4 जनवरी से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजन चल रहा है। महेश्वर ग्राम की तिवारी परिवार की बिटिया सृष्टि तिवारी ने वृंदावन धाम में अध्ययन किया और अपने ही ग्राम महेश्वर से भागवत कथाओं की श्रृंखला का शुभारंभ किया जा रहा है।

### श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन -

ग्राम महेश्वर की बिटिया 15 वर्षीय कथा व्यास सृष्टि तिवारी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन कर धर्मम्य भक्तिमय जीवन का संदेश दिया महारास गिरिराज पूजन की कथाओं का प्रभावी वर्णन कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया ब्रजभूमि मथुरा वृंदावन की महिमा का वर्णन करते हुए भगवान श्री कृष्ण के द्वारकाधीश बनने और रुक्मणी विवाह की कथा से उपस्थित नर नारियों में प्रेम भक्ति का भाव उत्पन्न किया। प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु नर नारियों की उपस्थिति हो रही है कथा का आज शनिवार को हवन पूजन प्रसादी वितरण के साथ समापन होगा सभी धर्म प्रेमीयो से सम्मिलित होने की अपील की है।

**ग्राम की बिटिया सृष्टि तिवारी बनी कथा व्यास, कथा श्रावण करने पहुंचे श्रद्धालु**



धान की बोरियां भर ट्राली बन रही ट्रक बिगड़ रहा संतुलन

# धान के परिवहन में ओवरलोड भरी जा रही बोरियां

**धान से भरी ट्रालियां पलटने की बड़ी घटनाएं, बनी रहती जानलेवा हादसे की संभावना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन हजारों क्विंटल धान बिकने आ रही है। धान की ओवरलोड क्षमता और जरूरत से अधिक ऊंची धान की बोरियां भरे जाने से ट्रालियां ट्रकों के समान दिखाई देती हैं। विभिन्न मार्गों पर धान की बोरियां भरी ट्रैक्टर ट्रालियों का संतुलन बिगडऩे कभी भी धान की बोरियां मार्गो पर बिखर जाने की घटनाएं हो रही हैं। जिस प्रकार ओवरलोड धान भरी ट्रालियों का कभी भी संतुलन बिगड़ रहा है उससे जानलेवा हादसे होने की संभावना बनी रहती है।

क्षेत्र के गांव गांव से मुख्य रूप से धान ट्रालियों में भर कर मंडी में बिकने आ रही है। 50 किलो वाले बौरे में बमुश्किल 35-40 किलो धान ही भरी पाती है। किसान हो या धान खरीदने और गोदाम में धान भेजने वाले व्यापारियों द्वारा ट्रालियों में धान की कई फीट ऊंची बोरियां भरी जाती हैं।



अत्यधिक ऊंचे तक भरी धान की बोरियों का कभी भी संतुलन बिगड़ने की स्थिति से सड़कों पर धान की बोरियां बिखर जाती हैं और आने जाने वालों के लिए परेशानी और जोखिम का कारण बन रही हैं।

### जानलेवा हादसे की संभावना -

धान की अधिक से अधिक बोरियां भरने की मानसिकता और जोखिम भरी स्थिति में धान का ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों पर आवागमन व्यापक स्तर पर होने से कभी भी धान से भरी ट्रालियों में बोरियां नीचे गिरने और जानलेवा हादसा होने की संभावना बनी रहती है।जिस प्रकार दिन और रात में भारी संख्या में धान की ऊंची ओवरलोड भरी ट्रैक्टर ट्रालियां ट्रक जेसी स्थिति बनाकर दौड़ रही हैं। ऐसे जोखिम भरी स्थिति वाली ट्रैक्टर ट्रालियों पर सुरक्षित यातायात के लिए लगाम लगाएं जाना जरूरी है।

### कार्रवाई के प्रति उदासीनता -

जिस प्रकार कृषि कार्य के लिए बनी ट्रैक्टर ट्रालियों का धान परिवहन में व्यावसायिक उपयोग जमकर किया जा रहा है और ट्रालियों को ट्राले के रूप में बदलकर धान की बोरी अधिक मात्रा में एवं 12- 15 फीट तक ऊंची भरी जा रही है। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने के प्रति यातायात पुलिस और आरटीओ की गहरी उदासीनता बनी हुई है। यदि शीघ्र ऐसे ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं की गई तो कोई भी बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### दो साल से फरार चल रहा आरोपी हुआ गिरफ्तार



**बाड़ी।** पुलिस ने 2 साल से फरार चल रहे वारंटी फईम उद्दीन को गिरफ्तार किया गया। एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बाड़ी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेश तिवारी के कुशल नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा बेम्यादी वारंटी फईम उद्दीन पिता समसुद्दीन निवासी वार्ड नं. 6 बाड़ी को 2 वर्ष से फरार चल रहा वारंटी की धर पकड़ के लिए टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया है।

### डिप्टी कलेक्टर बनने पर रानी का किया स्वागत



**सिलवानी।** नगर में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ रही रानी अहिरवार का डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ। चयन उपरांत तहसील के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सांईखेड़ा की प्राचार्य हेमलतादास ने फूल मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया एवं शुभकामनाएं दी।

### रावण दहन के साथ हुई सतरंगी आतिशबाजी, मेला परिसर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# ऐतिहासिक श्रीरामलीला में हुआ लंकापति रावण वध लीला का भव्य मैदानी मंचन

**जय महावीर की शहर में निकली भव्य शोभायात्रा, पलक पावड़े बिछाकर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत**

- 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का किया दहन, आसमान में करीब एक घंटे तके रंगीन आतिशबाजी
- दशानन के वध के साथ गूंजे जय श्रीराम के नारे, महावीर की शोभायात्रा रही विशेष आकर्षण
- रावण वध के साथ श्रीरामलीला का समापन, समिति ने सफल आयोजन के लिए माना आभार








हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की ऐतिहासिक श्रीरामलीला में शुक्रवार को रावण वध की लीला का मैदानी मंचन भव्य और आकर्षक रूप में किया गया। जैसे ही प्रभु श्रीराम के हाथों रावण वध का दृश्य मंचित हुआ, पूरा मैदान जय जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान सतरंगी आतिशबाजी होती रही, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक और जीवंत श्रीरामलीला को देखना बड़े सौभाग्य की बात है। यह केवल नाटक नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक लोक संस्कृति, आस्था और परंपरा का जीवंत स्वरूप है। श्रीरामलीला समाज और हमारी प्राचीन संस्कृति संस्कारों आस्था परंपरा का जीवंत स्वरूप है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला समाज में संस्कार और मर्यादा का संदेश देती है।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन ने कहा कि "मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आदर्श हैं। उनके जीवन से हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।" कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा ने भी संबोधित किया।

### श्रीराम ने किया अंहकारी रावण का वध

रावण वध की लीला का मैदानी मंचन देखने शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से हजारों लोग पहुंचे। लीला में भगवान श्रीराम की वानर सेना और लंकापति रावण की सेना के बीच भीषण युद्ध हुआ। अंत में श्रीराम ने अंहकारी लंकापति रावण का वध कर दिया। करीब 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन अतिशबाजी के बीच किया गया। श्रीरामलीला मैदान में हुई सतरंगी आतिशबाजी ने दर्शकों को मंत्रमुक्त कर दिया। समापन पर समिति के ब्रजेश चतुर्वेदी, लीला संचालन समिति के प्रमुख पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले कलाकारों, प्रशासन और नगरवासियों का भी आभार व्यक्त किया।



### 'जय महावीर' का मुखौटा रहा विशेष आकर्षण का केंद्र

जिले में 25 दिनों से चल रही श्री रामलीला महोत्सव के अंतिम दिन शहर के वार्ड तीन बावड़ीपुरा श्रीहनुमान मंदिर से जय महावीर तेरी जय रघुवीर की शोभायात्रा बुधवार शाम को धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसमें 40 दिनों से ब्रह्मचर्य का पालन करने वाले मिथिलेश यादव ने 40 किलो वजनी वीर हनुमान का मुखौटा धारण किया गया। नगर में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह धर्म प्रेमियों ने स्वागत किया और वीर हनुमान मुखौटे की आरती कर दर्शन किए। इसके बाद शोभा यात्रा रामलीला मैदान पहुंची। यहां श्री राम-लक्ष्मण के साथ वीर हनुमान की आरती की गई।

### साल में दो बार निकाली जाती है जय महावीर की शोभायात्रा

रौद्र रूपी हनुमानजी का मुखोटे का जूलूस साल में सिर्फ दो बार दशहरा पर्व और श्रीरामलीला मेला में रावण वध की लीला के दौरान जय महावीर जय रघुवीर समिति द्वारा निकाले जाने की परंपरा है। इस परंपरा की शुरुआत स्व सेठ बोधराज खन्ना, बाबा निरंजन दास द्वारा पानीपत से हनुमान जी के मुखौटा लाकर शोभायात्रा निकाले जाने की गई। जुलूस में ढोल-नगाड़ों की गूंज और जय रघुवीर तेरी जय महावीर, श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो जाता है।

### पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा, आरोपी गिफ्तार

## छोटे भाई ने बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विगत 5 जनवरी को थाना उदयपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलारी कलां (ईंट भट्टा) से एक संदिग्ध मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई। सूचना लीलाधर केवट पिता नारायण केवट ने दी। उसने बताया कि 5 जनवरी की रात्रि लगभग 9 बजे उसके बड़े भाई धर्मेन्द्र एवं उसकी पत्नी के मध्य विवाद हो रहा था। समझाइश के बाद धर्मेंद्र भट्टे तरफ चला गया, जिसकी तलाश करने पर वह झोपड़ी से कुछ दूरी पर घायल अवस्था में पड़ा मिला। सिर से खून बह रहा था, अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी उदयपुरा जयवंत ककोड़िया ने मामला दर्ज जांच प्रारंभ की गई। शव के पीएम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ कि मृत्यु सिर में चोट लगने से हुई है। पुलिस ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए संदेहियों से सघन पूछताछ की गई एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। पूछताछ में संदेही लीलाधर ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक धर्मेन्द्र एवं उसकी पत्नी के विवाद में बीच-बचाव में डंडे से धर्मेन्द्र के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## प्रेसवार्ता में दी जानकारी...कांग्रेस कल करेगी प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च

### वहीं जिला कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाएगा : देवेंद्र पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस मौके पर रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, जावेद अहमद खान, राजू महेश्वरी, जावेद कदीर, हसीब हिन्दुस्तानी उपस्थित रहे।




जिलाध्यक्ष श्री पटेल ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय नेता कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी और युवा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सहित प्रदेश भर के नेता भी हिस्सा लेंगे। कांग्रेसियों ने इंदौर के दूषित जलकांड की घटना को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जोगीपुरा क्षेत्र में जहरीला एवं दूषित पानी पीने से अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। 1000 से ज्यादा लोगों को बीमार होने की घटना ने भाजपा सरकार की संवेदनशीलता और प्रशासनिक विफलता को उजागर किया है। यह केवल हादसा नहीं बल्कि शासन की घोर लापरवाही लापरवाही का परिणाम है। इन मौतों और आम नागरिकों की जान से खुलेआम खिलवाड़ के विरोध में कांग्रेस कमेटी द्वारा 11 जनवरी रविवार को सुबह 11 बजे इंदौर के बाद गणपति मंदिर राजवाड़ा स्थित प्रतिमा तक प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च का आयोजन किया जा रहा है।

कांग्रेस ने मांगे की है कि इंदौर के नाकारा असफल महापौर को तत्काल पद से हटाया जाए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का तत्काल प्रभाव से इस्तीफा लिया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगे भी शामिल है।

नगर में रैली भी निकाली

## कॉलेज में स्लोगन, निबंध लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंदजी के जन्म दिवस एवं युवा दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत सेवा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत कई सामाजिक सरोकारो से युक्त गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में बड़ी संख्या मे विद्यार्थियों के द्वारा सहभागिता की जाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।



प्रतियोगिता के बाद स्वच्छता आधारित रैली निकाली गई। रैली में शामिल विद्यार्थी स्वच्छता अपनाने नागरिकों को जागरुक कर रहे थे। स्वच्छता का संदेश देती स्लोगन पटिटाएं भी विद्यार्थी रखे हुए थे।

## भागवत कथा के आखिरी दिन श्रीहनुमान मंदिर पर उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे पर स्थित श्रीहनुमान मंदिर कुल्हाड़िया पर सात दिवसीय रामचरित मानस महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन पर महा भंडारा के साथ हो गया। हनुमान मंदिर कुल्हाड़िया पर शनिवार से रामचरितमानस महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ हुआ था जो 7 दिन चलने के पश्चात शुक्रवार को समापन हुआ।

समापन पर आसपास 50 गांव ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। श्रीहनुमान मंदिर कुलहड़िया पर 15 वर्षों से लगातार रामायण पाठ किया जा रहा है। मंदिर में श्रीश्री 1008 यज्ञ देव चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज द्वारा इस मंदिर की स्थापना की गई है। उन्हीं की मेहनत और लगन से यहां का कार्यक्रम हर साल जनवरी के महीने के पहले सप्ताह में किया जाता है।



इस कार्यक्रम में आसपास के सभी गांव जैसे ग्राम अंबाडी, दीवानगंज, सेमरा, देहरी, जमुनिया, निनोद ,बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, करैया, नरखेड़ा सहित 50 गांव से अधिक है। जिससे इस मंदिर में कार्यक्रम होता है और मंदिर का निर्माण चल रहा है कुछ वर्षों पूर्व इस मंदिर का निर्माण प्रारंभ हुआ था। यज्ञशाला का निर्माण हो चुका है।

हाईवे पर होने के कारण काफी देर तक ट्रैफिक जाम हुआ, जिस कारण दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा और उनकी टीम ने काफी सहयोग दिया।

## पुलिस ने 19 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को दबोचा

### आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की कार्रवाई

**पूछताछ और झोले की जांच करने पर उसमें 19 क्वार्टर अवैध शराब कीमत 2280/-रुपये आंकी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 19 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, एएसपी कमलेश खरपुसे, एसडीओपी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन और सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में की गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गीदगढ़ गांव तरफ एक व्यक्ति थैले में अवैध शराब बेचने ले जा रहा है। तत्काल प्रधान आरक्षक दिलीप यादव व आरक्षक संदीप रघुवंशी मौके पर पहुंचे तो आरोपी भागने लगा। पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ और झोले की जांच करने पर उसमें 19 क्वार्टर अवैध शराब कीमत 2280/-रुपये पाई गई।

पुलिस ने मौके से शराब ज़ब्त कर आरोपी अजय बंजारा पिता बहादुर सिंह बंजारा 25 निवासी बालमपुर थाना सूखीसेवनिया जिला भोपाल के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

वहीं सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। स्कूल, कॉलेजों के आसपास स्थित दुकानों की नियमित जांच की जा रही है। इसके अलावा होटल, ढाबा सहित अन्य स्थानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर जांच की जा रही है। जांच में नशीले, मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। वहीं इनके खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही रोकथाम के लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।


### भागवत कथा के छठवें दिन रास लीला का हुआ गूढ़ और भावपूर्ण

## गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति निष्काम, निष्कपट और पूर्ण समर्पण भरा हुआ प्रेम है: सुरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अंचल के ग्राम गोरखा (झामर) में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक ने रास लीला का अत्यंत गूढ़, दार्शनिक और भावपूर्ण विवेचन किया। कथा व्यास आचार्य पंडित सुरेंद्र शास्त्री मानस सुमन ने कहा कि रास कोई सामान्य नृत्य या गान नहीं है, बल्कि वह ब्रह्मद्रव का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रास लीला को केवल सांसारिक दृष्टि से देखना उसकी दिव्यता और आध्यात्मिक गहराई को न समझ पाने का परिणाम है।

कथा व्यास ने कहा कि बहुधा लोग रास लीला को केवल नाच-गाने के रूप में देखते हैं और कई बार उस पर शंका भी व्यक्त करते हैं, जबकि श्रीमद् भागवत के दशम स्कंध में वर्णित रास लीला वस्तुत निरोध स्कंध का अंग है। यह स्कंध जीव को सांसारिक आसक्ति से मुक्त कर भगवान से जोड़ने का कार्य करता है। रास लीला का मूल उद्देश्य जीव और ब्रह्म के बीच प्रेमपूर्ण एकात्मता स्थापित करना है।



उन्होने कहा कि भगवान स्वयं रस स्वरूप हैं और उनका द्रवित, करुण और प्रेममय स्वरूप ही रास कहलाता है। जब परमात्मा जीवों को अपनाने का संकल्प करता है और केवल उपदेश या ज्ञान के माध्यम से जीव उनसे जुड़ नहीं पाते, तब भगवान रास का सहारा लेते हैं। रास के माध्यम से भगवान जीव को अपने निकट खींचते हैं और उसे प्रेम की डोर से बांध लेते हैं।

### रास लीला उपदेश नहीं, बल्कि अनुभव है

उन्होंने रामावतार और कृष्णावतार के प्रसंग को जोड़ते हुए कहा कि रामावतार में भगवान ने बड़े भाग मानस तन पावा कहकर उपदेश दिया, लेकिन उस गूढ़ सत्य को सभी लोग आत्मसात नहीं कर सके। वहीं कृष्णावतार में भगवान ने उपदेश के स्थान पर रास के माध्यम से जीवों को अपने साथ जोड़ा। रास लीला उपदेश नहीं, बल्कि अनुभव है। ऐसा अनुभव जो जीव के हृदय को द्रवित कर देता है और उसे प्रभु के चरणों में समर्पित कर देता है। कथा के दौरान रास लीला का विवेचन अत्यंत सरल, सरस और मनोरम शैली में किया। उन्होंने बताया कि रास में गोपियां प्रतीक हैं उस शुद्ध भक्ति की, जिसमें अहंकार, वासना और स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता। गोपियों का कृष्ण के प्रति प्रेम निष्काम, निष्कपट और पूर्ण समर्पण भरा हुआ है। यही कारण है कि रास लीला को भक्ति की चरम अवस्था कहा गया है।

### कंस वध अधर्म पर धर्म की विजय

इसके साथ ही उन्होंने कंस वध सहित भगवान श्रीकृष्ण की अन्य लीलाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कंस वध को अधर्म पर धर्म की विजय बताते हुए उन्होंने कहा कि जब-जब समाज में अधर्म, अन्याय और अहंकार बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में प्रकट होकर उसका नाश करते हैं। श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला मानव जीवन के लिए एक गहन संदेश देती है।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा के अंतिम चरणों में भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति निरंतर बढ़ रही है। ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन कथा सुनने पहुंच रहे हैं। कथा के समापन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।